## *पीड़ित के लिए जानकारी*

कैलिफ़ोर्निया पीड़ितों के अधिकार अधिनियम का बिल, मर्सी का नियम, आपको ये जरूरी कानूनी अधिकार प्रदान करता है:

- **अपने नुक़सान के लिए पैसे प्राप्त करें।** अपनी संपत्ति हानि, चिकित्सा खर्चे, वेतन क्षतियों और अन्य नुकसान को कवर करने के लिए पैसे लेने का आवेदन करें।
- **बताइए अपराध ने आपको कैसे प्रभावित किया।** अदालत को बताइए कि अपराध ने आपके जीवन को प्र कैसे भावित किया, इससे पहले अपराधी को सजा सुनाई जाए।
- **अपराधी के केस के बारे मे जानकारी प्राप्त करें।** अभियोजक से केस के बारे मे विभिन्न जानकारियां पूछें।
- **अदालत से आदेश प्राप्त करें।** यदि आप एक वकील को अपने मामले मे मदद करने के लिए नियुक्त किया है तो अदालत प्रतिवादी को आपसे दूर रखने या वकील की फीस का भुगतानकरने का आदेश दे सकती है। न्यायालय प्रतिवादी को आपके नागरिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए आपको $25,000 या अधिक का भुगतान करने का आदेश भी दे सकता है। (रालफ अधिनियम और प्रतिबंध अधिनियम के तहत अपने अधिकारों के बारे में एक वकील से पूछें )
- कैलिफ़ोर्निया कानून, कानून पर्वतन अधिकारियों को उन व्यक्तियों से, जिनमें वो लोग शामिल है जो रिपोर्ट कर रहे हैं या जो संभावित अपराधों के शिकार हैं, उनके आव्रजन स्थितियों के बारे मे जानने से रोकता है, जब तक की पीड़ित व्यक्ति को एक यू वीजा (अपराध वीजा का पीड़ित) या टी वीजा (मानव तस्करी वीसा का पीड़ित) के बारे मे सही जानकारी नहीं मिल जाती।



## *कहाँ सहायता ढूँढे*

911 पर संपर्क करें या एक स्थानीय अस्पताल जाएं, यदि आपको तत्काल देखभाल की जरूरत है। एक रिपोर्ट लिखवाएं, अपने स्थानित कानून प्रवर्तन एजेंसी मे संपर्क करें।

***कैलिफोर्निया अटर्नी जनरल का कार्यालय पीड़ित सेवा केंद्र –*** आपराधिक प्रक्रिया के अंतर्गत अपराधी पीड़ित और उनके परिवार को साथ और जानकारी प्रदान करना। अतिरिक्त जानकारी के लिए कॉल करें। (877) 433-9069 या oag.ca.gov/hatecrimes

***कैलिफ़ोर्निया के निष्पक्ष रोजगार और आवास विभाग (डीएफईएच) –*** राज्य की एजेंसी ने कैलिफ़ोर्निया के नागरिक अधिकारों के कानूनों को लागू करने के और लोगों को काम देने, आवास और सार्वजनिक आवास मे गैरकानूनी भेदभाव और घृणा हिंसा और मानव तस्करी से संरक्षण देने का आरोप लगाया। डीएफईएच घृणा हिंसा के पीड़ित या हिंसा के खतरों से पीड़ित के वास्तविक या कथित संरक्षित सामाजिक समूह के दावों को स्वीकार करता है। दावा दायर करने की जानकारी के लिए dfeh.ca.gov पर जाएं।

***स्थानीय जिला अटॉर्नी कार्यालय पीड़ित गवाह सहायता केंद्र –*** हर देश मे पीड़ितों की सहायता के लिए सीधे कैलिफ़ोर्निया पीड़ित मुआवजा बोर्ड के साथ काम करता है। एक स्थानीय कार्यालय और संसाधनों की जानकारी के लिए इस पर जाएं: victims.ca.gov/victims/localhelp.aspx.

***यू एस का न्याय, सामुदायिक संबंध सेवा का विभाग –*** सामुदायिक समूह के साथ सामुदायिक झगड़ों को सुलझने का काम करता है और बचाता है और घृणित अपराधों के प्रति जवाब देता है। जानकारी के लिए, justice.gov/crs पर जाएं।

*इस प्रकाशन को संघीय गवर्नर ऑफ़िस ऑफ इमरजेंसी सर्विसेज (CalOES) के माध्यम से संघीय 2018 VOCA फंड्स, ग्रांट सबवार्ड नंबर VT20199504 द्वारा प्रदान की गई फंडिंग द्वारा समर्थित किया गया था।*

# घृणा अपराध




## आपको स्वयं अपनी और दूसरों की रक्षा के लिए क्या जानने की जरूरत है

C A L I F O R N I A
DEPARTMENT OF JUSTICE
VICTIMS' SERVICES UNIT

**कैलिफ़ोर्निया के न्याय विभाग** के पास उन अपराधों, अपराधियों की पहचान, गिरफ़्तारी, अभियोजन और दोषसिद्धि सहित संभावित घृणा अपराधों की जांच में स्थानीय, राज्य और संघीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों की मदद के लिए उपकरण और संसाधन उपलब्ध हैं।

**कैलिफ़ोर्निया के अटॉर्नी जनरल रोब बोंटा** ने निम्नलिखित जानकारी प्रदान की कि कैसे घृणा अपराधों की पहचान और रिपोर्ट की जाए और कैसे घृणा अपराधों के पीड़ितों के लिए क्या सेवाएं उपलब्ध हैं।

## *घृणा अपराध या घृणा की घटना?*

घृणा अपराध या घृणा की घटना के बीच का अंतर जानना जरूरी है।

घृणा अपराध एक अपराध जो एक व्यक्ति, समूह, या संपत्ति के विरुद्ध किसी पीड़ित के वास्तविक या कथित रूप से संरक्षित सामाजिक समूह के द्वारा प्रेरित किया गया अपराध, घृणा अपराध होता है। घृणित अपराधों को या तो दुष्कर्म या गुंडागर्दी के रूप मे मुकदमा चलाया जा सकता है,जोकी किए गए कार्यों पर निर्भर करता है।

कैलिफ़ोर्निया में, आप भी घृणा अपराध का शिकार हो सकते हैं, यदि आपको अपने वास्तविक या कथित व्यवहार की वजह से लक्ष्य बनाया गया हो:

- जाति या नस्लवाद
- राष्ट्रीयता
- धर्म
- लिंग
- यौन अभिरूचि
- शारीरिक या मानसिक विकलांगता, या
- इन “वास्तविक” या “कथित” रूप से एक या एकाअधिक विशेषताओं वाले व्यक्ति या समूह के साथ संग

कृपया ध्यान दे, ऊपर लिखी हुई विशेषताएं उदाहरण है, और वास्तविक या कथित संरक्षित सामाजिक समूह के विशेषताओं के व्यवहार के अन्य आधार शामिल है।

### यदि आप घृणा अपराध देखते हो तो आपको अपने स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसी को अपराध के बारे मे बताना चाहिए।

एक कार्य या व्यवहार जो घृणा से किया गया हो घृणा की घटना होती है, लेकिन जो कानूनी रूप से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रथम संशोधित अधिकार द्वारा संरक्षित हो।

### *घृणा की घटना के उदाहरणों में शामिल है:*

- गलत नाम से बुलाना।
- बेइज्जती।
- अपनी संपत्ति पर घृणित सामग्रियां लगाना।
- घृणित सामग्रियां लगाना जिससे संपत्ति नुकसान न हो।
- सार्वजनिक स्थानों पर घृणा के संदेशों के साथ सामग्री का वितरण।

## *एक घृणा अपराध को कैसे पहचानें*

**ये संकेत हैं जो घृणा के द्वारा प्रेरित एक अपराध मे शामिल हो सकते है:**

- अपराधी ने पीड़ित या संपत्ति को चुना क्योंकि वे एक एक संरक्षित समूह जैसे निश्चित धरम या लिंग से संबंधित थे।
- अपराधी ने लिखित या मौखिक टिप्पणी की जो पूर्वाग्रह दिखाते हैं।
- घटना ऐसी तारीख को हुई जो पीड़ित या अपराधी की संरक्षित समूह के लिए महत्वपूर्ण है।
- क्षेत्र में संगठित घृणा गतिविधि है।

### यदि आप घृणित अपराध के शिकार हैं तो, आपको ये करना चाहिए:

- अपनी स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसी से संपर्क करें।
- चिकित्सा सुविधा लें (यदि आपको जरूरत है)
- बिल्कुल वही शब्द लिखें जो उन्होंने कहे थे।
- किसी अन्य तथ्यों के बारे में लेख बनाएं।
- सभी साक्ष्यों को सहेजें (उदाहरण के लिए, ग्राफफईटती, अंडे के शेल, पीड़ित के वाहन पर लेखन) यदि सुरक्षित हों तो कानून प्रवर्तन के आने तक इंतजार करें और तस्वीरें लें।
- अन्य पीड़ितों और गवाहों के नाम, पते, फोन नम्बर, और ईमेल प्राप्त करें।
- अपराधी या वाहन के बारे में के किसी आँखों देखा गवाह से पूरा विवरण प्राप्त करने की कोशिश करना।
- अपने क्षेत्र के सामुदायिक संगठनों से संपर्क करें जो घृणा अपराधों पर प्रतिक्रिया दें।

### आप और आपका समुदाय क्या कर सकता है?

- घृणा और असहिष्णुता के खिलाफ बोलें।
- पीड़ित का साथ देने के लिए सामुदायिक रैलियां निकालें।
- पीड़ितों को साथ और मदद प्रदान करें।
- घृणा अपराधों के खिलाफ सार्वजनिक अधिकारियों को बोलने के लिए कहें।
- एक मानवीय संबंध आयोग या घृणा अपराध नेटवर्क स्थापित करें जिसमें कानून प्रवर्तन, स्थानीय सरकार, स्कूल, धार्मिक संगठन और सामुदायिक संस्थाएं हो। उनसे घृणा अपराधों के प्रति शीघ्रता से बोलने के लिए कहें जब वे घटित हों और उनकी रोकथाम और जागरूकता को प्रोत्साहित करें।

OFFICE OF THE ATTORNEY GENERAL · liberty and justice under law · CALIFORNIA DEPARTMENT OF JUSTICE

**OAG.CA.GOV/HATECRIMES**